पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों ने जिला कारागार का किया शैक्षिक भ्रमण

राजभवन के बच्चों ने जिला कारागार में कैदियों को राखी बांधी

लखनऊः 30 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर आज जनपद लखनऊ स्थित जिला कारागार का शैक्षिक भ्रमण कराया गया, जिसमें 16 बालिकाओं एवं 14 बालकों ने भाग लिया।

कारागार भ्रमण के दौरान बच्चों ने कैदियों को राखी बांधी तथा उनसे संवाद स्थापित किया। भ्रमण पर गये बच्चों ने कारागार की बैरकों तथा कैदियों के लिये बनाये जा रहे भोजन की व्यवस्था को भी देखा।

भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ राजभवन चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिल निर्वाण, चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) डॉ0 वीनम यादव तथा डा0 प्रीति सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन,
सम्पर्क सूत्र-9453005360

कदर करनी है तो जीते जी करो।
पाकशाला

अहाता सं-13